संख्या–cm-403
25/08/2025

# मुख्यमंत्री ने पटना जिला अंतर्गत प्रगति यात्रा के दौरान की गयी घोषणाओं से संबंधित पटना शहरी (मध्य क्षेत्र) के लिए 1056.36 करोड़ रुपये लागत की विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास/कार्यारंभ

पटना, 25 अगस्त 2025 :– मुख्यमंत्री ने आज पटना जिला अंतर्गत प्रगति यात्रा के दौरान की गयी घोषणाओं से संबंधित पटना शहरी (मध्य क्षेत्र) के लिए 1056.36 करोड़ रुपये लागत की विभिन्न योजनाओं का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास/कार्यारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि प्रगति यात्रा के दौरान पटना जिले के लिये की गयी घोषणाओं से संबंधित पटना शहरी (मध्य क्षेत्र) के अंतर्गत योजनाओं का शिलान्यास/कार्यारंभ किया जा रहा है। इन योजनाओं के क्रियान्वयन से पटना शहरी (मध्य क्षेत्र) में आमलोगों को काफी फायदा होगा तथा बेहतर जनसुविधाएँ मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने पटेल गोलम्बर के पास आयोजित कार्यक्रम स्थल से 196.80 करोड़ रुपये लागत की पटेल गोलंबर से ईको पार्क के पश्चिमी छोर तक तथा इको पार्क के पूर्वी छोर से अटल पथ तक सरपेंटाईन नाले पर भूमिगत नाला के साथ 4 लेन सड़क के निर्माण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके निर्माण कार्य होने से सचिवालय, राजधानी वाटिका तथा एयरपोर्ट आने–जाने में लोगों को काफी सुविधा होगी। खुले नाले पर फोरलेन पथ के निर्माण हो जाने से आवागमन में सहूलियत के साथ–साथ पटना शहर की सुंदरता और बढ़ेगी।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने डाकबंगला चौक पर आयोजित कार्यक्रम स्थल से 328.52 करोड़ रुपये की लागत से पटना शहरी क्षेत्र में विद्युत संरचनाओं के आधुनिकीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के तहत बिजली के तारों को चरणबद्ध तरीके से भूमिगत करने की परियोजना का शिलापट्ट अनावरण कर कार्यारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान ऊर्जा विभाग के सचिव ने मुख्यमंत्री को पटना शहरी क्षेत्र अन्तर्गत अंडरग्राउंड (कवर्ड) बिजली के तारों के रूट प्लान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही मुख्यमंत्री के समक्ष इस योजना से संबंधित एक लघु फिल्म भी प्रस्तुत की गई। जुलाई माह में विद्युत खपत के दौरान शून्य विद्युत शुल्क वाले दो उपभोक्ताओं को सांकेतिक रूप से मुख्यमंत्री ने प्रमाण पत्र सौंपा।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने पटना साइंस कॉलेज स्थित न्यूटन हॉस्टल में आयोजित कार्यक्रम स्थल से 30.02 करोड़ रुपये लागत की पटना शहर में अवस्थित विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्रावासों का जीर्णोद्धार, आधुनिकीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर कार्यारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने अपने कॉलेज के दिनों को याद करते हुए कहा कि मैं न्यूटन हॉस्टल में भी रहा हूं और आज यहां आकर पुराने दिनों की याद ताजा हो गई। हमारा इस शैक्षणिक परिसर क्षेत्र से पुराना लगाव है। विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्रावासों का जीर्णोद्धार, आधुनिकीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य से छात्रों को रहने और पठन–पाठन में काफी सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने न्यूटन छात्रावास के छात्रों के

साथ तस्वीर खिंचवाई। मुख्यमंत्री ने छात्रों से कहा कि आप सभी लोग मिल–जुलकर रहें और अच्छे से पढ़ाई कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने जे0पी0 गंगापथ पर आयुक्त कार्यालय के निकट आयोजित कार्यक्रम स्थल से 48.96 करोड़ रुपये की लागत से पटना जिला अंतर्गत गांधी मैदान के नजदीक पटना हाट निर्माण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। साथ ही 52.28 करोड़ रुपये की लागत से मंदिरी नाला पर निर्माणाधीन फोरलेन सड़क को जे0पी0 गंगा पथ से जोड़ने हेतु संपर्क पथ के निर्माण कार्य का भी शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने 387.40 करोड़ रुपये की लागत से पटना शहर अंतर्गत गंगा नदी के किनारे दीघा से गांधी मैदान के बीच जे0पी0 गंगा पथ के दोनों तरफ लगभग 7 कि0मी0 की लंबाई में 'जे0पी0 गंगा पथ समग्र उद्यान परियोजना (फेज– 1)' के निर्माण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने 12.38 करोड़ रुपये की लागत की सभ्यता द्वार से कलेक्ट्रीयट घाट तक विचरण पथ (PROMENADE) के निर्माण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जे0पी0 गंगा पथ निर्माण के बाद यहां पर लोगों की गतिविधियां बढ़ी हैं। यहां पर पर्यटन, मनोरंजन, सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियां तेज हुई हैं। 'जे0पी0 गंगा पथ समग्र उद्यान परियोजना (फेज–1)' के पूर्ण होने पर खुला हरित क्षेत्र का विकास होगा। साथ ही लोगों को अन्य मूलभूत सुविधाएं मिल सकेंगी जिससे वो यहां के मनोरम दृश्य का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि मंदिरी नाला पर बनाए जा रहे फोर लेन सड़क का जे0पी0 गंगा पथ से संपर्क पथ के जुड़े जाने पर नेहरू पथ की सीधी संपर्कता जे0पी0 गंगा पथ से हो जाएगी। शहर के लोगों को आवागमन में और सहूलियत होगी। साथ ही पी0एम0सी0एच0 और एम्स अस्पताल पहुंचना और आसान हो जाएगा।

ज्ञातव्य है कि वर्ष 2024 को दिसम्बर तथा वर्ष 2025 के जनवरी–फरवरी में मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान सभी जिलों में जाकर विकास कार्यों को देखा और जो कमी रही उसके लिए राज्य सरकार ने 50 हजार करोड़ रुपये की 430 नई योजनाओं की स्वीकृति दी। प्रगति यात्रा के दौरान पटना जिला में 21 फरवरी, 2025 को विभिन्न विभागों से संबधित कुल 32 घोषणाएँ की गयीं। 22 अप्रैल, 2025 को मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग की एक योजना का उद्घाटन किया गया। वहीं 02 अगस्त, 2025 को नगर विकास एवं आवास विभाग की 2 योजनाएँ तथा 11 अगस्त, 2025 को पथ निर्माण विभाग की पटना पश्चिमी शहरी क्षेत्र की 6 योजनाओं का शिलान्यास किया जा चुका है।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, ऊर्जा सह योजना एवं विकास मंत्री श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव सह मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पथ निर्माण विभाग के सचिव श्री संदीप कुमार आर0 पुडुकलकट्टी, ऊर्जा विभाग के सचिव श्री मनोज कुमार सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री शीर्षत कपिल अशोक, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम (बी0एस0ई0आई0डी0सी0) की प्रबंध निदेशक श्रीमती इनायत खान, पटना के जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के0 शर्मा, पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 अजय कुमार सिंह, पटना साइंस कॉलेज की प्राचार्या डॉ0 अलका यादव, अन्य वरीय अधिकारीगण, राज्य नागरिक परिषद के महासचिव श्री अरविंद कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, 125 यूनिट बिजली मुफ्त पानेवाले लाभार्थीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

*****